आज़ादी का
अमृत महोत्सव

प्रशिक्षण दर्शिका

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own bank, Always with you

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ संख्या
1. हिन्दी कार्यशालाओं की प्रासंगिकता और प्रभावोत्पादकता	1
2. गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम	3
3. संविधान में राजभाषा से संबन्धित मुख्य अनुच्छेद	4
4. राजभाषा अधिनियम, 1963	6
5. राजभाषा नियम, 1976	10
6. राजभाषा संकल्प, 1968	11
7. हिन्दी टाइपिंग टूल्स	12
8. हिन्दी और तकनीकी	15
9. राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्टिंग	18
10. शाखा में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने हेतु कार्य	20
11. अभ्यास	22

हिन्दी कार्यशालाओं की प्रासंगिकता और प्रभावोत्पादकता

हिंदी कार्यशाला का उद्देश्य : हिंदी कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित/ प्रेरित करना और दक्ष बनाना तथा उनकी भाषा प्रयोग संबंधी शंकाओं का समाधान करना होता है. स्टाफ सदस्यों के साथ बातचीत में अक्सर यह बात सामने आती है कि वे झिझक के कारण हिन्दी में कार्य नहीं कर पाते हैं और ऐसा कहते हैं :

- हिंदी में काम करना बहुत टेक्निकल है।
- मुझसे हिंदी में काम नहीं हो पाएगा।
- अभी इस काम को जल्दी निपटाना है। समय का अभाव है।

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में कार्यशाला की प्रासंगिकता : राजभाषा नियम 1976 के अस्तित्व में आने के बाद कार्मिकों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही कार्यशालाएं आयोजित करने का निदेश जारी हुआ है। हिंदी कार्यशालाएँ स्टाफ सदस्यों के लिए कारगर उपाय के रूप में साबित हो सकती हैं।

- हिन्दी में कार्य करने के प्रति स्टाफ की झिझक को दूर कर उनकी रुचि को जगाने का प्रयास किया जाता है।
- नियमित कार्यशालाओं के द्वारा हिन्दी की ग्राह्यता बढ़ती है और सभी स्टाफ सदस्य कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का नियमित प्रयोग करने लगते हैं।
- सामान्यतः अधिकारी/कर्मचारी अपनी टेबल का कार्य अँग्रेजी में करना चाहते हैं क्योंकि वे अँग्रेजी में कार्य करना आसान मानते हैं तथा अँग्रेजी को हिन्दी की अपेक्षा बेहतर संप्रेषणीय भाषा मानते हैं। हिन्दी कार्यशालाओं के माध्यम से इन समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाता है।

कार्यशाला के स्वरूप :

- गहन कार्यशाला
- लक्ष्योन्मुख कार्यशाला
- डेस्क प्रशिक्षण

गहन कार्यशाला के अंतर्गत कैप्सूल पाठ्यक्रम : राजभाषा नीति, हिंदी टिप्पण, पत्राचार, व्याकरण, वर्तनी, यूनिकोड

लक्ष्योन्मुख कार्यशाला : पत्राचार, हिंदी टंकण/यूनिकोड, राजभाषा नीति, हिंदी टिप्पण

लक्ष्योन्मुख कार्यशाला की मुख्य बातें

- प्रवीणता प्राप्त स्टाफ सदस्यों की पहचान कर उनके विषय क्षेत्र से संबंधित कार्यशाला का आयोजन करना।
- ज्यादा से ज्यादा इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन करना।
- अभ्यास परक सत्र।
- आंतरिक कामकाज बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रशिक्षण देना।
- समय और संसाधनों का इष्टतम उपयोग करना।

स्टाफ की आवश्यकता के अनुसार कार्यशाला का प्रारूप

भाषा के आधार पर	
हिन्दी भाषी स्टाफ : हिन्दी भाषी स्टाफ सदस्य अधिकांश यह कहते पाए जाते हैं कि हिन्दी उनकी मातृभाषा है अतः उन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है, किन्तु राजभाषा विषयक नीतियों से तथा राजभाषा के कार्यालयीन पक्ष से पूर्णतः अवगत नहीं होते हैं।	**हिंदीतर स्टाफ :** हिन्दी कार्यशाला का सर्वाधिक लाभ हिंदीतर स्टाफ सदस्यों को प्राप्त होता है। इससे वे राजभाषा के सैद्धान्तिक व व्यावहारिक पक्ष से अवगत होते हैं और अपने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिकांश प्रयोग करते हैं।
सेवा अवधि के आधार पर	
नए भर्ती स्टाफ : नए भर्ती हुए स्टाफ को राजभाषा विषयक नीति तथा नियमों की जानकारी प्रदान करने के लिए हिन्दी कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी होती है। आज कल नए भर्ती हुए स्टाफ सदस्यों को हिन्दी में प्रवीणता / कार्यसाधक ज्ञान होने के बावजूद कार्यालयीन कार्यों में अँग्रेजी का प्रयोग सरल व सार्थक लगता है। कार्यशालाओं के माध्यम से उनकी इस धारणा में बदलाव लाया जा सकता है।	**पुराने स्टाफ :** हमारी संस्था में अधिकांश स्टाफ सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने अपने कार्यालयीन जीवन में हिन्दी कार्यशाला में अवश्य भाग लिया है। उनके लिए इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया जा सकता है जहां सभी एक दूसरे के अनुभव से सीखकर राजभाषा कार्यान्वयन में अपना योगदान दे सकते हैं।

नयी तकनीक का प्रयोग : आज कल प्रौद्योगिकी में नित नवाचार हो रहे हैं, तथा राजभाषा हिन्दी भी इससे अछूती नहीं है। हिन्दी लेखन हेतु यूनिकोड, गूगल वॉइस इनपुट जैसे नए सॉफ्टवेयर एवं कई एप्लिकेशन भी आ गई हैं। इस प्रकार नई तकनीकों को सभी स्टाफ सदस्यों के बीच प्रसारित करने का सबसे सशक्त माध्यम नियमित कार्यशाला ही हो सकती है।

कार्यशाला हेतु सुझाव

- कार्यशाला में सामान्यतः पीपीटी चलाई जाती है और लोगों को ज्ञान संप्रेषित करने का प्रयास किया जाता है। इसे अधिक बेहतर बनाने के लिए पीपीटी में ऑडियो/वीडियो इफ़ेक्ट्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- जिन स्टाफ सदस्यों ने एक बार हिन्दी कार्यशाला में भाग ले लिया है उनके लिए क्लासरूम कार्यशाला न करके करके इंटरैक्टिव सत्र चलाये जा सकते हैं ताकि कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों का समाधान निकाला जा सके।
- उन से संबंधित कार्य को हिन्दी में करने का अभ्यास कराया जाए।
- हिंदी में पत्राचार का अभ्यास करवाया जाए।

निष्कर्ष

इस बारे में कोई दो राय नहीं है कि कार्यशालाएँ हिंदी में काम करने का माहौल तैयार करने और स्टाफ सदस्यों में हिंदी के बारे में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रही हैं बल्कि यह स्टाफ सदस्यों की मानसिकता भी बदल रही है। कार्यशालाओं के उपरांत सहभागियों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि कार्यशालाएँ उपयोगी हैं और इनकी भूमिका निर्विवाद है।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम

राजभाषा के सफल कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें विभिन्न लक्ष्यों को निर्धारित किया जाता है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हर संभव प्रयास करें और राजभाषा को प्रभावी ढंग से गति प्रदान करें। वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों में कुछ की जानकारी यहाँ दी जा रही है। विस्तृत जानकारी हेतु भारत सरकार, राजभाषा विभाग की अधिकृत वेबसाइट https://rajbhasha.nic.in विजिट की जा सकती है।

वर्ष 2021 - 22 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
1.	हिन्दी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित)	1. क → क = 100% 2. क → ख = 100% 3. क → ग = 65% 4. क → क एवं ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति =100%	1. ख → क = 90% 2. ख → ख = 90% 3. ख → ग = 55% 4. ख → क एवं ख क्षेत्र के राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति = 90%	1. क → क = 55% 2. ख → ख = 55% 3. क → ग = 55% 4. ग → क एवं ख क्षेत्र के राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय /व्यक्ति = 55%
2.	हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाना	100 %	100 %	100 %
3.	हिन्दी टिप्पण	75 %	50 %	30 %
4.	हिन्दी माध्यम में प्रशिक्षण	70 %	60 %	30 %
5.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री	100 %	100 %	100 %
6.	हिन्दी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय।	50 %	50 %	50 %
7.	कंप्यूटर में द्विभाषिकता	100%	100%	100%
8.	वेबसाइट द्विभाषी हो	100%	100%	100%
9.	जन सूचना बोर्ड द्विभाषी हो	100%	100%	100%
10.	राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक	प्रत्येक तिमाही में एक बार	प्रत्येक तिमाही में एक बार	प्रत्येक तिमाही में एक बार

संविधान में राजभाषा से संबंधित मुख्य अनुच्छेद

संविधान के भाग 17 के अध्याय 1 में संघ की भाषा के संबंध में बताया गया है। **अनुच्छेद 343** (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

(2) खंड (1) में किसी बात के होते हुए भी, इस संविधान के प्रारम्भ से पंद्रह वर्ष की अवधि तक संघ के उन सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए अँग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके लिए उसका ऐसे प्रारम्भ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था ।

परंतु राष्ट्रपति उक्त अवधि के दौरान, आदेश द्वारा, संघ के शासकीय प्रयोजनों में से किसी के लिए अँग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिन्दी भाषा का और भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त हिन्दी भाषा का और भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा ।

(3) संसद उक्त 15 वर्ष की अवधि के पश्चात, विधि द्वारा

(क) अँग्रेजी भाषा का, या

(ख) अंकों के देवनागरी रूप का,

ऐसे प्रयोजनों के लिए प्रयोग उपबंधित कर सकेगी जो ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट किए जाएँ।

अनुच्छेद 344 : राजभाषा के संबंध में आयोग (संविधान के प्रारम्भ से 5 वर्ष के उपरांत राष्ट्रपति द्वारा) तथा बीस लोक सभा तथा दस राज्य सभा के सदस्यों को समाहित करते हुए संसदीय राजभाषा समिति का गठन।

अध्याय 02 में प्रादेशिक भाषाओं के संबंध में बताया गया है।

अनुच्छेद 345 : राज्य की राजभाषा अथवा राजभाषाएँ (प्रादेशिक भाषा / भाषाएँ या हिन्दी; ऐसी व्यवस्था होने तक अँग्रेजी का प्रयोग जारी)

अनुच्छेद 346 : एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच या किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा (संघ द्वारा तत्समय प्राधिकृत भाषा; आपसी करार होने पर दो राज्यों के बीच हिन्दी)

अनुच्छेद 347 : किसी राज्य की जनसंख्या के किसी अनुभाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबंध

अध्याय 03 में उच्च और उच्चतम न्यायालयों में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा के संबंध में बताया गया है ।

अनुच्छेद 348 : उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में और अधिनियमों, विधेयकों आदि के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा।

अनुच्छेद 349 : भाषा से संबन्धित कुछ विधियाँ अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया (राजभाषा संबंधी कोई भी विधेयक राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी के बिना पेश नहीं किया जा सकता और राष्ट्रपति भी आयोग की सिफ़ारिशों पर विचार करने के बाद ही मंजूरी दे सकेगा)

अध्याय 04 में विशेष निदेश के संबंध में बताया गया है ।

<u>अनुच्छेद 350</u> : व्यथा के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा (किसी भी भाषा में)

(क) भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएं।

(ख) भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए विशेष अधिकारी की नियुक्ति (राष्ट्रपति द्वारा)

<u>अनुच्छेद 351</u> : हिन्दी के विकास के लिए निदेश:- संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी में और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहाँ उसके शब्द-भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे ।

देवनागरी लिपि के गुण

1. एक ध्वनि के लिए एक ही वर्ण संकेत
2. एक वर्ण संकेत से अनिवार्यतः एक ही ध्वनि व्यक्त
3. जो ध्वनि का नाम वही वर्ण
4. मूक (सायलेंट) वर्ण नहीं
5. जो बोला जाता है वही लिखा जाता है
6. एक वर्ण में दूसरे वर्ण का भ्रम नहीं
7. उच्चारण के सूक्ष्तम भेद को भी प्रकट करने की क्षमता
8. वर्णमाला ध्वनि वैज्ञानिक पद्धति के बिल्कुल अनुरूप
9. व्यापक प्रयोग (संस्कृत, हिन्दी, मराठी, नेपाली की एक मात्र लिपि)
10. भारत की अनेक लिपियों के निकट

राजभाषा अधिनियम, 1963

(यथासंशोधित,1967)

(1963 का अधिनियम संख्यांक 19)

उन भाषाओं का, जो संघ के राजकीय प्रयोजनों, संसद में कार्य के संव्यवहार, केन्द्रीय और राज्य अधिनियमों और उच्च न्यायालयों में कतिपय प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाई जा सकेंगी,उपबन्ध करने के लिए अधिनियम। भारत गणराज्य के चौदहवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ-

(1) यह अधिनियम राजभाषा अधिनियम, 1963 कहा जा सकेगा।

(2) अनुच्छेद 3, जनवरी, 1965 के 26 वें दिन को प्रवृत्त होगी और इस अधिनियम के शेष उपबन्ध उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसे केन्द्रीय सरकार,शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे और इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी।

2. परिभाषाएं--इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) 'नियत दिन' से, अनुच्छेद 3 के सम्बन्ध में, जनवरी, 1965 का 26वां दिन अभिप्रेत है और इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के सम्बन्ध में वह दिन अभिप्रेत है जिस दिन को वह उपबन्ध प्रवृत्त होता है;

(ख) 'हिन्दी' से वह हिन्दी अभिप्रेत है जिसकी लिपि देवनागरी है।

3. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए और संसद में प्रयोग के लिए अंग्रेजी भाषा का रहना--

(1) संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की कालावधि की समाप्ति हो जाने पर भी, हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा, नियत दिन से ही,

(क) संघ के उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए जिनके लिए वह उस दिन से ठीक पहले प्रयोग में लाई जाती थी; तथा

(ख) संसद में कार्य के संव्यवहार के लिए प्रयोग में लाई जाती रह सकेगी:

परंतु संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जाएगीः

परन्तु यह और कि जहां किसी ऐसे राज्य के, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है और किसी अन्य राज्य के, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, बीच पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाया जाता है, वहां हिन्दी में ऐसे पत्रादि के साथ-साथ उसका अनुवाद अंग्रेजी भाषा में भेजा जाएगा :

परन्तु यह और भी कि इस उपअनुच्छेद की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे राज्य को, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संघ के साथ या किसी ऐसे राज्य के साथ, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है, या किसी अन्य राज्य के साथ, उसकी सहमति से, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाने से निवारित करती है, और ऐसे किसी मामले में उस राज्य के साथ पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग बाध्यकर न होगा ।

(2) उप अनुच्छेद (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी या अंग्रेजी भाषा--

(i) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के और दूसरे मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के बीच;

(ii) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के और केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उसके किसी कार्यालय के बीच;

(iii) केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उसके किसी कार्यालय के और किसी अन्य ऐसे निगम या कम्पनी या कार्यालय के बीच;

प्रयोग में लाई जाती है वहां उस तारीख तक, जब तक पूर्वोक्त संबंधित मंत्रालय, विभाग, कार्यालय या विभाग या कम्पनी का कर्मचारीवृद हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेता, ऐसे पत्रादि का अनुवाद, यथास्थिति, अंग्रेजी भाषा या हिन्दी में भी दिया जाएगा।

(3) उप अनुच्छेद (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही--

(i) संकल्पों, साधारण आदेशों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदनों या प्रेस विज्ञप्तियों के लिए, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निकाले जाते हैं या किए जाते हैं;

(ii) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदनों और राजकीय कागज-पत्रों के लिए;

(iii) केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली गई अनुज्ञप्तियों, अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा-प्ररूपों के लिए, प्रयोग में लाई जाएगी।

(4) उप अनुच्छेद (1) या उप अनुच्छेद (2) या उप अनुच्छेद (3) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह है कि केन्द्रीय सरकार अनुच्छेद 8 के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा उस भाषा या उन भाषाओं का उपबन्ध कर सकेगी जिसे या जिन्हें संघ के राजकीय प्रयोजन के लिए, जिसके अन्तर्गत किसी मंत्रालय, विभाग, अनुभाग या कार्यालय का कार्यकरण है, प्रयोग में लाया जाना है और ऐसे नियम बनाने में राजकीय कार्य के शीघ्रता और दक्षता के साथ निपटारे का तथा जन साधारण के हितों का सम्यक ध्यान रखा जाएगा और इस प्रकार बनाए गए नियम विशिष्टतया यह सुनिश्चित करेंगे कि जो व्यक्ति संघ के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवा कर रहे हैं और जो या तो हिन्दी में या अंग्रेजी भाषा में प्रवीण हैं वे प्रभावी रूप से अपना काम कर सकें और यह भी कि केवल इस आधार पर कि वे दोनों ही भाषाओं में प्रवीण नहीं है उनका कोई अहित नहीं होता है।

(5) उप अनुच्छेद (1) के खंड (क) के उपबन्ध और उप अनुच्छेद (2), उप अनुच्छेद (3) और उप अनुच्छेद (4), के उपबन्ध तब तक प्रवृत्त बने रहेंगे जब तक उनमें वर्णित प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग

समाप्त कर देने के लिए ऐसे सभी राज्यों के विधान मण्डलों द्वारा, जिन्होंने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संकल्प पारित नहीं कर दिए जाते और जब तक पूर्वोक्त संकल्पों पर विचार कर लेने के पश्चात् ऐसी समाप्ति के लिए संसद के हर एक सदन द्वारा संकल्प पारित नहीं कर दिया जाता।

4 .राजभाषा के सम्बन्ध में समिति -

(1) जिस तारीख को अनुच्छेद 3 प्रवृत्त होती है उससे दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात, राजभाषा के सम्बन्ध में एक समिति, इस विषय का संकल्प संसद के किसी भी सदन में राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी से प्रस्तावित और दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने पर, गठित की जाएगी।

(2) इस समिति में तीस सदस्य होंगे जिनमें से बीस लोक सभा के सदस्य होंगे तथा दस राज्य सभा के सदस्य होंगे, जो क्रमशः लोक सभा के सदस्यों तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होंगे।

(3) इस समिति का कर्तव्य होगा कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करें और उस पर सिफारिशें करते हुए राष्ट्रपति को प्रतिवेदन करें और राष्ट्रपति उस प्रतिवेदन को संसद् के हर एक सदन के समक्ष रखवाएगा और सभी राज्य सरकारों को भिजवाएगा।

(4) राष्ट्रपति उप अनुच्छेद (3) में निर्दिष्ट प्रतिवेदन पर और उस पर राज्य सरकारों ने यदि कोई मत अभिव्यक्त किए हों तो उन पर विचार करने के पश्चात् उस समस्त प्रतिवेदन के या उसके किसी भाग के अनुसार निदेश निकाल सकेगा:

परन्तु इस प्रकार निकाले गए निदेश अनुच्छेद 3 के उपबन्धों से असंगत नहीं होंगे ।

5. केन्द्रीय अधिनियमों आदि का प्राधिकृत हिन्दी अनुवाद-

(1) नियत दिन को और उसके पश्चात् शासकीय राजपत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित--

(क) किसी केन्द्रीय अधिनियम का या राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश का, अथवा

(ख) संविधान के अधीन या किसी केन्द्रीय अधिनियम के अधीन निकाले गए किसी आदेश, नियम, विनियम या उपविधि का हिन्दी में अनुवाद उसका हिन्दी में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा ।

(2) नियत दिन से ही उन सब विधेयकों के, जो संसद के किसी भी सदन में पुरःस्थापित किए जाने हों और उन सब संशोधनों के, जो उनके समबन्ध में संसद के किसी भी सदन में प्रस्तावित किए जाने हों, अंग्रेजी भाषा के प्राधिकृत पाठ के साथ-साथ उनका हिन्दी में अनुवाद भी होगा जो ऐसी रीति से प्राधिकृत किया जाएगा, जो इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित की जाए।

6. कतिपय दशाओं में राज्य अधिनियमों का प्राधिकृत हिन्दी अनुवाद-

जहां किसी राज्य के विधानमण्डल ने उस राज्य के विधानमण्डल द्वारा पारित अधिनियमों में अथवा उस राज्य के राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों में प्रयोग के लिए हिन्दी से भिन्न कोई भाषा विहित की है वहां, संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) द्वारा अपेक्षित अंग्रेजी भाषा में उसके अनुवाद के अतिरिक्त, उसका हिन्दी में अनुवाद उस राज्य के शासकीय राजपत्र में, उस राज्य के राज्यपाल के प्राधिकार से, नियत दिन को या उसके पश्चात् प्रकाशित किया जा सकेगा और ऐसी दशा में ऐसे किसी अधिनियम या अध्यादेश का हिन्दी में अनुवाद हिन्दी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा।

7 .उच्च न्यायालयों के निर्णयों आदि में हिन्दी या अन्य राजभाषा का वैकल्पिक प्रयोग-

नियत दिन से ही या तत्पश्चात् किसी भी दिन से किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सम्मति से, अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिन्दी या उस राज्य की राजभाषा का प्रयोग, उस राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा पारित या दिए गए किसी निर्णय, डिक्री या आदेश के प्रयोजनों के लिए प्राधिकृत कर सकेगा और जहां कोई निर्णय, डिक्री या आदेश (अंग्रेजी भाषा से भिन्न) ऐसी किसी भाषा में पारित किया या दिया जाता है वहां उसके साथ-साथ उच्च न्यायालय के प्राधिकार से निकाला गया अंग्रेजी भाषा में उसका अनुवाद भी होगा।

8. नियम बनाने की शक्ति -

(1) केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, बना सकेगी।

(2) इस अनुच्छेद के अधीन बनाया गया हर नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद के हर एक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा। वह अवधि एक सत्र में, अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी। यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रममिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात वह ऐसे परिवर्तित रुप में ही प्रभावी होगा। यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात यह निस्प्रभाव हो जाएग । किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निस्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

9. कतिपय उपबन्धों का जम्मू-कश्मीर को लागू न होना-

अनुच्छेद 6 और अनुच्छेद 7 के उपबन्ध जम्मू-कश्मीर राज्य को लागू न होंगे।

राजभाषा नियम, 1976

गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग की स्थापना किए जाने के बाद वर्ष 1976 में एक अत्यंत महत्वपूर्ण नियम बना जिसे "राजभाषा नियम 1976" कहा जाता है और यह 28 जून 1976 की अधिसूचना के तहत राजपत्र में प्रकाशित किया गया। बाद में वर्ष 1987, 2007 एवं 2011 में कुछ संशोधन हुए।

राजभाषा नियम 1976 के अंतर्गत कुल **12 नियम** हैं। इन नियमों का सही-सही अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के बाद राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के मार्ग में आने वाली सारी बाधाओं का निराकरण हो जाता है। इन नियमों का विस्तार तमिलनाडु राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर लागू है। इस नियम के तहत भारत के राज्यों को "क", "ख" और "ग" क्षेत्रों में विभाजित किया गया।

'क्षेत्र क' से बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं।

'क्षेत्र ख' से गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं।

तथा

'क्षेत्र ग' से 'क्षेत्र क' और 'क्षेत्र ख' में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं। (जम्मू कश्मीर, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुदुच्चेरी, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा, सिक्किम, दादर एवं नगर हवेली, लक्षद्वीप)

यदि इनमें कुछ महत्वपूर्ण नियमों की बात करें तो सर्वप्रथम राजभाषा **नियम – 5** के अनुसार केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में दिए जाने अनिवार्य हैं।

राजभाषा **नियम – 6** के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि अधिनियम 1963 की धारा (3) के अंतर्गत जारी कागजात पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी / व्यक्ति का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह कागजात हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में हो।

नियम – 9 में हिन्दी में प्रवीणता और **नियम – 10** के अंतर्गत कार्यसाधक ज्ञान की परिभाषा को परिभाषित किया गया है।

नियम – 11 में सभी प्रकार के मैन्युअल, संहिताओं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य की अनिवार्यतः द्विभाषिक रूप में उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात है।

नियम -12 कार्यालय प्रमुख के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करता है। इस नियम के अनुसार- 1. केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह (i) अधिनियमों और इन नियमों के उपबंधों और उप नियम (2) के अधीन जारी किए निदेशों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करे और (ii) इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त और प्रभावकारी जाँच के लिए उपाय करे। 2. केन्द्रीय सरकार के अधिनियम और राजभाषा नियमों के उपबंधों के सम्यक अनुपालन के लिए अपने कर्मचारियों और कार्यालयों को समय-समय पर आवश्यक निदेश जारी कर सकता है।

राजभाषा संकल्प, 1968

"जब तक संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी रहेगी और उसके अनुच्छेद 351 के अनुसार हिंदी भाषा का प्रसार, वृद्धि करना और उसका विकास करना ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सब तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम हो सके, संघ का कर्तव्य है :

यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी के प्रसार एंव विकास की गति बढ़ाने के हेतु तथा संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों के लिए उत्तरोत्तर इसके प्रयोग हेतु भारत सरकार द्वारा एक अधिक गहन एवं व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा और किए जाने वाले उपायों एवं की जाने वाली प्रगति की विस्तृत वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट संसद की दोनों सभाओं के पटल पर रखी जाएगी और सब राज्य सरकारों को भेजी जाएगी ।

2. जबकि संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी के अतिरिक्त भारत की 21 मुख्य भाषाओं का उल्लेख किया गया है, और देश की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि इन भाषाओं के पूर्ण विकास हेतु सामूहिक उपाए किए जाने चाहिए।

   यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी के साथ-साथ इन सब भाषाओं के समन्वित विकास हेतु भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा ताकि वे शीघ्र समृद्ध हो और आधुनिक ज्ञान के संचार का प्रभावी माध्यम बनें।

3. जबकि एकता की भावना के संवर्धन तथा देश के विभिन्न भागों में जनता में संचार की सुविधा हेतु यह आवश्यक है कि भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णत कार्यान्वित करने के लिए प्रभावी किया जाना चाहिए।

   यह सभा संकल्प करती है कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा के, दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक को तरजीह देते हुए, और अहिंदी भाषी क्षेत्रों में प्रादेशिक भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी के अध्ययन के लिए उस सूत्र के अनुसार प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

4. और जबकि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि संघ की लोक सेवाओं के विषय में देश के विभिन्न भागों के लोगों के न्यायोचित दावों और हितों का पूर्ण परित्राण किया जाए यह सभा संकल्प करती है कि -
   - क. कि उन विशेष सेवाओं अथवा पदों को छोड़कर जिनके लिए ऐसी किसी सेवा अथवा पद के कर्त्तव्यों के संतोषजनक निष्पादन हेतु केवल अंग्रेजी अथवा केवल हिंदी अथवा दोनों जैसी कि स्थिति हो, का उच्च स्तर का ज्ञान आवश्यक समझा जाए, संघ सेवाओं अथवा पदों के लिए भर्ती करने हेतु उम्मीदवारों के चयन के समय हिंदी अथवा अंग्रेजी में से किसी एक का ज्ञान अनिवार्यत होगा; और
   - ख. कि परीक्षाओं की भावी योजना, प्रक्रिया संबंधी पहलुओं एवं समय के विषय में संघ लोक सेवा आयोग के विचार जानने के पश्चात अखिल भारतीय एवं उच्चतर केन्द्रीय सेवाओं संबंधी परीक्षाओं के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित सभी भाषाओं तथा अंग्रेजी को वैकल्पिक माध्यम के रूप में रखने की अनुमति होगी।"

हिंदी टाइपिंग टूल्स

वर्तमान समय में हमारे जीवन में टाइपिंग का महत्व बहुत बढ़ गया है। पहले टाइपिंग का अधिकाधिक उपयोग कार्यालयीन कार्यों के लिए किया जाता था किंतु आज फेसबुक और वाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म पर हम सभी प्रतिदिन टाइपिंग का उपयोग कर रहे हैं। अतः टाइपिंग करना आज हमारे जीवन की एक सामान्य क्रिया बन गई है। टाइपिंग को आसान बनाने के लिए आज इंटरनेट पर अनेक टाइपिंग टूल्स उपलब्ध हैं जिसका उपयोग कंप्यूटर और मोबाइल फोन दोनों पर किया जा रहा है। इन टाइपिंग टूल्स के माध्यम से भारत के साथ-साथ विश्व की सभी प्रमुख भाषाओं में टाइपिंग की जा सकती है।

ऐसे टूल्स का उपयोग कर हम राजभाषा हिंदी में भी कार्य कर सकते हैं। फेसबुक और वाट्सऐप पर प्रायः लोगों को रोमन लिपि का उपयोग कर अपनी भाषा में अभिव्यक्ति देते हुए देखा जाता है अर्थात भाषा तो हमारी हिंदी या मातृभाषा होती है किंतु लिपि रोमन की होती है। उदाहरण के रूप में – 'Main aaj bazaar jaunga' इस वाक्य में लिपि तो रोमन किंतु भाषा हिंदी है। हिंदी में कार्य करने के लिए हमें बस इसी सामान्य पद्धति का प्रयोग करना है। टाइपिंग टूल्स की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि ये रोमन में टाइप किए गए शब्दों को देवनागरी (हिंदी के लिए अधिकारिक लिपि) या किसी भी अन्य लिपि में परिवर्तित कर देता है और इस प्रकार हम अपनी इच्छानुसार भाषा में आउटपुट प्राप्त कर सकते हैं। टाइपिंग की इस पद्धति को ट्रांस्लिट्रेशन (Transliteration) कहा जाता है।

हिंदी टाइपिंग टूल्स एक ऐसा ही साधन जिसकी सहायता से ट्रांस्लिट्रेशन द्वारा हम बहुत ही सरल तरीके से कंप्यूटर पर हिंदी में काम कर सकते हैं। इंटरनेट पर अनेक टाइपिंग टूल्स उपलब्ध हैं जिनमें से सर्वाधिक सुगम एवं उपयोग की दृष्टि से उपयुक्त कुछ टूल्स निम्नवत हैं :

1. **माइक्रोसॉफ्ट इंडिक लैंग्वेज़ इनपुट टूल (Microsoft Indic Language Input Tool) –** यह टूल माइक्रोसॉफ्ट द्वारा संचालित वेबसाइट www.bhashaindia.com पर उपलब्ध है। इसे Windows 7 और Windows 8 समर्थित कंप्यूटरों पर सुगमता से इंस्टॉल किया जा सकता है।
2. **इंडिक इनपुट 3 (Indic Input 3) –** यह टूल भी वेबसाइट www.bhashaindia.com पर उपलब्ध है। इसे Windows 10 समर्थित कंप्यूटरों पर सुगमता से इंस्टॉल किया जा सकता है।
3. **गूगल इनपुट टूल (Google Input Tool) –** यह टूल गूगल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे किसी भी कंप्यूटर पर इंस्टॉल किया जा सकता है। यह ऑनलाइन भी उपलब्ध है। अतः आप कंप्यूटर पर इस टूल को बिना इंस्टॉल किए भी ऑनलाइन उपयोग कर सकते हैं।
4. **गूगल वॉइस टाइपिंग (Google Voice Typing) –** यह सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। इसकी सहायता से आप बोलकर टाइपिंग कर सकते है। गूगल वॉइस टाइपिंग का उपयोग कंप्यूटर तथा मोबाइल फोन दोनों पर किया जा सकता है।

टाइपिंग टूल्स की सहायता से हम निम्नांकित रूप में रोमन के अक्षरों को टाइप कर देवनागरी अक्षर प्राप्त कर सकते हैं अर्थात अंग्रेजी की बोर्ड की सहायता से हिंदी में टाइप कर सकते हैं :

स्वर :

अ - a	आ - aa	इ - i	ई - ee	उ - u	ऊ - oo	ऋ - ri
ए - e	ऐ - ai	ओ - o	औ - au	अं - an	अः - ah	

व्यंजन :

क – ka	ख - kha	ग - ga	घ - gha	ङ – nga
च - cha	छ - chha	ज - ja	झ - jha	ञ – nya
ट - ta	ठ - tha	ड - da	ढ - dha	ण - Na
त - ta	थ - tha	द - da	ध - dha	न - na
प - pa	फ - fa	ब - ba	भ - bha	म - ma
य - ya	र - ra	ल - la	व – va/ wa	श - sha
ष - sha	स - sa	ह - ha	क्ष – xa/ ksha	त्र - tra
ज्ञ - gya				

मात्रा युक्त अक्षर :

क - ka	का - kaa	कि - ki	की - kee	कु - ku	कू - koo	कृ - kri
के - ke	कै - kai	को - ko	कौ - kau	कं - kan	कः - kah	कॉ - kO

शब्द :

कम - kam	काम - kaam	कमल - kamal	कमाल - kamaal
कमला - kamalaa	दिन - din	दीन - deen	सुर - sur
सूरज - sooraj	कृषि - krishi	चेक - chek	चैन - chain
थोक - thok	कौशल - kaushal	कंठ - kanth	अतः - atah
कार्यालय - kaaryaalay	शाखा - shaakhaa	बचत - bachat	सावधि - saavadhi
ऋण - rin	प्रबंधक- prabandhak	अधिकारी- adhikaaree	लिपिक - lipik

